संपादकीय

छोटी उम्र के गहन चिंतन का दस्तावेजी चित्रण

नवीन पांचाल

इंटरनेट व मोबाइल की इनसानी दुनिया में घुसने से पहले डायरी लिखना अधिकतर लोगों की दिनचर्या का हिस्सा रहा है। ऐसे अनेक वाकये हैं जब डायरी महत्वपूर्ण साबित हुई। किसी के द्वारा लिखी गई डायरी कितनी विशेष साबित हो सकती है, यह जर्मन मूल की लेखिका अने फ्रांक की डच भाषी पुस्तक 'द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल' से प्रमाणित होता है। 13 से 15 साल तक की आयु के बीच लिखी गई अने फ्रांक की डायरी पर आधारित हिंदी अनुवाद की गई पुस्तक 'एक किशोरी की डायरी' उसकी श्रेष्ठ कृतियों में से एक है।

यह पुस्तक अने की प्रतिदिन लिखी गई डायरी का हिस्सा है, जो उसने 12 जून, 1942 से एक अगस्त, 1944 की अवधि में लिखी। ये वह समय है जब नात्सी व यहूदी समुदाय की बर्बरता से उन्हें रूबरू होना पड़ा। किशोर अवस्था में कदम रखने के साथ ही अने के द्वारा लिखनी शुरू की गई यह डायरी आश्चर्यजनक रूप से उसकी परिपक्वता का प्रमाण देती है। पहले ही पृष्ठ पर 12 जून, 1942 को अने लिखती है, 'मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी हर बात तुम्हें बता सकती हूं, क्योंकि मैंने अपनी बातें कभी किसी से नहीं कही। मैं आशा करती हूं कि तुम मेरे लिए सुकून और संबल का एक बड़ा स्रोत बनोगी।' इस डायरी का प्रत्येक पृष्ठ अने के जीवन के कठिन दौर का जीवंत रूप दिखाती है। लेखिका ने डायरी को किटी नाम दिया है और प्रत्येक दिन का चित्रण इस तरह से किया है कि पाठक खुद को वर्णन के करीब पाता है। उसने बेबाकी के साथ अपनी पसंद और नापसंद का किताब में उल्लेख कर दिया। खुद व परिजनों के जीवन पर मंडराते खतरे, किशोरावस्था के बचकाना प्रेम-प्रसंगों से जुड़े वाकये, अभिभावकों की खीझ में उलझते दिनों के वृत्तांत को शानदार तरीके से बताया है। करीब आठ दशक पहले लिखी गई पुस्तक ऐतिहासिक दस्तावेज भी है क्योंकि यह उन संस्मरणों का संकलन है, जिसमें युद्ध के हालातों के दौरान की जिंदगी के बारे में जानकारी मिलती है। पुस्तक में किशोर अवस्था के उन प्रश्नों का भी जिक्र किया है, जिनके संबंध में सामान्यतः बड़ों से सवाल करने पर हिचकते हैं। 3 अक्तूबर, 1942 के दिन अने 'किटी' में लिखती है, 'मुझे बड़े लोगों वाली पुस्तकें पढ़ने की इजाजत मिल गई है। इवा का ख्याल था कि बच्चे पेड़ पर सेब की तरह फलते हैं और पक जाने पर पक्षी उनको पेड़ों से तोड़कर मां के पास ले आते हैं। लेकिन जब उसकी सहेली की बिल्ली को बच्चे हुए तो इवा ने उसे बिल्ली के अंदर से ही निकलते हुए देखा।'लेखिका को उस दौर में 13 साल की आयु में ही अंतर्राष्ट्रीय विषयों का ज्ञान था। इसका उदाहरण उसकी डायरी में 27 फरवरी, 1943 के दिन लिखे पृष्ठ पर मिलता है। वह अपनी डायरी में भारतीय नायक मोहन दास कर्मचंद गांधी का जिक्र करते हुए लिखती हैं 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक गांधी अपनी अनंत भूख हड़तालों में से एक पर हैं।'एक पाठक के लिए पुस्तक खुद में अनेक खासियतें संजोए हुए है। मसलन, लेखिका का बचपन बड़े कष्टों की स्थिति में बीता लेकिन तमाम झंझावातों के बावजूद उसने कष्ट का दौर उत्साहपूर्वक जीया।

मजबूती के साथ खुला जापान का निक्केई

टोक्यो। पिछले सप्ताह के अंत में वॉल स्ट्रीट की ठोस बढ़त के बाद जापान के शेयर बाजार सोमवार को मजबूती के साथ खुले। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, सुबह 9.15 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5.45 बजे) 225 इश्यू निक्केई शुक्रवार के मुकाबले 250.13 अंकों यानी 1.14 फीसदी की मजबूती के साथ 22,120.69 पर रहा। टॉपिक्स सूचकांक 24.09 अंकों यानी 1.50 फीसदी की मजबूती के साथ 1,629.49 पर रहा। सुबह शुरुआती कारोबार में बैंक, अलौह धातु और खनन से जुड़े शेयरों में सबसे अधिक बढ़त देखी गई।

संकट में फंसी महिलाओं की मदद करेगा मोबाइल एप माइ सर्कल

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की महिला उद्यमियों की शाखा एफएलओ के सहयोग से रविवार को एक मोबाइल एप माई सर्कल लांच किया, जोकि किसी प्रकार की समस्या या घबराहट के हालात में महिलाओं की मदद करेगा।

भारती एयरटेल ने एक बयान में कहा कि इस एप्लीकेशन में संशय के संकेत मिलते हैं जो किसी भी दूरसंचार सेवा नेटवर्क के साथ फोन पर काम करेगा। एयरटेल ने कहा, माई सर्कल से महिलाएं जरूरत पड़ने पर अपने परिवार या मित्रों में से किन्हीं पांच लोगों को 13 भाषाओं में संदेश भेज सकती हैं, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, बांग्ला, उर्दू, असमी, ओड़िया और गुजराती शामिल हैं। संकट में फंसी महिला एप पर एसओएस प्रॉम्प्ट दबाकर एसओएस अलर्ट भेज सकती है।

आगामी शादी के सीजन में सोने में तेजी के रुझान

मुंबई। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव और ब्रेक्सिट पर अनिश्चतता के बादल के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत से सुरक्षित निवेश के प्रति निवेशकों का रुझान बना रह सकता है। ऐसे में सोना सुरक्षित निवेश का एक परंपरागत साधन है। बाजार के जानकार बताते हैं कि आगामी शादी के सीजन में देश में सोने की मांग में तेजी बनी रहेगी। कार्वी कमोडिटीज के विनोद जयकुमार ने कहा, अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास दर अनुमान को हाल में 3.7 फीसदी से घटाकर 3.5 फीसदी किए जाने से पीली धातु और अन्य जोखिम वाली निवेश परिसंपत्तियों में निवेशकों का रुझान बना रहेगा। साथ ही, शादी का सीजन शुरू होने से हाजिर मांग बढ़ेगी। एंजेल ब्रोकिंग के प्रथमेश माल्या ने बताया कि भारत में आमतौर पर सोने की मांग खपत के लिए होती है न कि रिटर्न के लिए। दरअसल, भारत में सोने की जेवराती मांग ज्यादा है।

विदेशी खिलाड़ी के रूप में भी आपकी अलग जिम्मेदारी होती है: रबाडा

हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कगीसो रबाडा ने कहा कि लीग में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आपकी अपनी अलग जिम्मेदारी होती है।दिल्ली ने रविवार को यहां खेले गए मुकाबले में हैदराबाद को 39 रनों से शिकस्त दी।

मैच के बाद रबाडा ने कहा, हमारे पास अपनी योजनाएं हैं और हम उसके मुताबिक काम करने की कोशिश करते हैं। हमें उम्मीद रहती है कि इससे हमें फायदा होगा और ज्यादातर ऐसा ही होता है। अभी तक ऐसा ही हुआ है, आपको अपनी गति में विविधता लाने की आवश्यकता होती है। हम बदलाव करने की कोशिश करते हैं, खासकर अगर विकेट उस प्रकार के बदलावों के पक्ष में हो। हमें इस चीज से आज फायदा हुआ।

रबाडा ने कहा, कई मायनों में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आपकी अपनी अलग जिम्मेदारी होती है। मुझे बस यही लगता है कि आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम सभी विभागों पर काम कर रहे हैं और इससे हमें काफी फायदा हुआ है।

आईपीएल खिताब ज्यादा दूर नहीं है : अय्यर

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसी के घर में दमदार जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि उनकी टीम की नजरें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का पहला खिताब जीतने पर टिकी है। दिल्ली ने रविवार को यहां खेले गए मुकाबले में हैदराबाद को 39 रनों से शिकस्त दी।

मैच के बाद अय्यर ने कहा, हम मानते हैं कि खिताब कभी-भी हमारी पहुंच से ज्यादा दूर नहीं है। मैच में विकेट धीमी होती गई और मैंने एवं ऋषभ पंत ने निर्णय लिया कि कोई एक बल्लेबाज तेजी से रन बनाएगा। कीमो और अक्षर ने बीच में थोड़े रन बनाए और टीम को कुल योग तक पहुंचाया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन ही बनाए और हैदराबाद को केवल 116 के कुल योग पर ही रोक दिया। तेज गेंदबाज कगीसो रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी की। अय्यर और रबाडा अंडर-19 विश्व कप में एक साथ खेले थे। अय्यर ने कहा, हम एक साथ खेले हैं और एक-दूसरे के साथ रहना अच्छा है। हमारे बीच दोस्ती है और यह एक सकारात्मक चीज है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भी यह सकारात्मकता बनी रहती है और हम अपनी क्षमता पर भरोसा रखते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने किया विश्व कप टीम का ऐलान, एरोन फिंच बना कप्तान

वॉर्नर-स्मिथ की वापसी

मेलबर्न। इंग्लैंड एंड वेल्स में होने वाले आगामी आईसीसी विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की टीम में स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर की वापसी हुई है। दक्षिण अफ्रीका में पिछले साल हुए सैंडपेपर विवाद के कारण प्रतिबंध झेल चुके ये दोनों खिलाड़ी फिलहाल, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे हैं।

टीम की कमान एरोन फिंच को सौंपी गई जिनके नेतृत्व में आस्ट्रेलिया ने हाल में भारत और पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज जीती। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चोटिल होने के कारण टीम में जगह नहीं मिली है जबकि पीटर हैंड्सकॉम्ब को

चयनकर्ताओं ने टूर्नामेंट के लिए नहीं चुना। लंबे समय से चोट से जूझ रहे मिशेल स्टार्क की भी वापसी हुई है। विश्व कप के समय 14 सदस्यीय आस्ट्रेलिया-एटीम इंग्लैंड में काउंटी टीमों के खिलाफ मुकाबले खेलेगी। अगर विश्व कप में कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो आस्ट्रेलिया-ए टीम में से किसी को सब्स्टीट्यूट के तौर पर चुना जाएगा।

मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा, बेहतरीन खिलाड़ियों की मौजूदगी और प्रत्येक स्थान के लिए हुई प्रतिस्पर्धा के कारण 15 सदस्यीय टीम चुनना थोड़ा मुश्किल रहा।

होंस ने कहा, दुर्भाग्यवश, हाल ही में भारत और यूएई का दौरा करने वाले टीम में शामिल पीटर हैंड्सकॉम्ब, एश्टन टर्नर और केन रिचर्डसन को विश्व कप में जगह नहीं मिली है, उनके स्थान पर स्मिथ, वार्नर और स्टार्क को टीम में शामिल किया गया है। बाहर किए गए तीनों खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे के लिए आस्ट्रेलिया-एकी टीम का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा, हेजलवुड को ऑस्ट्रेलिया-ए की टीम में जगह दी गई है। उन्होंने कुछ समय तक उच्चतम स्तर पर क्रिकेट नहीं खेली है और हमें लगता है कि इंग्लैंड दौर पर उच्च श्रेणी की क्रिकेट खेलने से उनकी अच्छी तैयारी हो जाएगी। हमारा ध्यान बड़े एशेज दौरे की शुरुआत के लिए जोश को तैयार करने पर है।

टीम : एरोन फिंच (कप्तान), जेसन बेहरनडॉफ, एलेक्स कैरी, नाथन कूल्टर-नाइल, पैट कमिंस, उस्मान ख्वाजा, नाथन लायन, शॉन मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झाए रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

आज का राशिफल

मेष: आज आप अपने खाने-पीने पर ज्यादा ध्यान दें। घर के बाहर के खाने से बचें। ऑफिस मे विरोधी के षड्यंत्र से सावधान रहें।

वृषभ: आज का दिन शुभ है। अपने प्रेमी से आज मिलन होगा। दिनभर उत्साह बना रहेगा। कुछ असमंजस के कारण मुनाफे के रास्ते में अड़चन आ सकती है।

मिथुन: आज का दिन थोड़ा सावधानी से चलने का है। आसपास के लोगों से बहसबाजी में न उलझें कहासुनी हो सकती है।

कर्क: आपके लिए आज का दिन सामान्य रिजल्ट देने वाला होगा। ईमानदारी से बनाए गए रिश्ते लंबे समय तक आपका साथ निभाएंगे।

सिंह: आज का दिन काफी बिजी रहेगा। मेहनत के बाद उसका फल मिल जाएगा। अपने पार्टनर के साथ शाम का स्पेशल प्रोग्राम कामयाब होगा।

कन्या: आज का दिन खुशगवार बीतेगा। बार-बार लाभ के मौके मिलेंगे। किसी असरदार शख्स पर पैसा खर्च होगा, पढ़ाई-लिखाई में मन लगेगा।

तुला: आपके लिए आज का दिन एक्टिव है। पैसे की परेशानियां सुलझ जाएंगी। हेल्थ से जुड़ी परेशानियां हल हो जाएंगी। किसी खास व्यक्ति से परिचय होगा और बिजनस में फायदा पहुंचेगा।

वृश्चिक: आज थोड़ी सी मेहनत से सम्मान मिलेगा। अच्छे व्यवहार से नए दोस्त बनेंगे और नए प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू हो जाएगा। ऑफिस में खास परिवर्तन होंगे व काम भी बनते नज़र आएंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिए अच्छा है। राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेंगी। किसी अनुभवी व्यक्ति से लाभ उठाएं लेकिन उस पर धन खर्च होगा। पढ़ाई लिखाई में दिल लगेगा। जीवन की दिशा नया मोड़ लेगी।

मकर: बढ़ते खर्च पर लगाम लगेगी। अधिक मेहनत करेंगे और अपने व्यवहार में सुधार करेंगे तो फायदे में रहेंगे। वरिष्ठ सदस्यों तथा बुजुर्गों को किसी वजह से चिंता होगी। उलझनें कम होंगी।

कुंभ: ऑफिस में काम को धीरे-धीरे करेंगे तो फायदे होंगे। पढ़ाई-लिखाई में ध्यान दें। प्रॉपर्टी का लाभ मिलेगा। मेहनत से किए गए काम के अच्छे नतीजे निकलेंगे। ऑफिस में नए साथी काम में हाथ बंटाएंगे।

मीन: आज का दिन लकी रहेगा। बिजनस और इनवेस्टमेंट में टेंशन खत्म होगी। खास लोगों से कॉन्टैक्ट बढ़ेगा और घूमने-फिरने और मनोरंजन का सुख भी मिलेगा। आपके सहयोगी आपके काम में मदद करेंगे।

वेजिटेबल चीज

चीज़ बोल का टेस्ट बच्चों से लेकर बड़ों तक को आएगा पसंद और वेजिटेबल का कॉम्बिनेशन इसे बनाता है हेल्दी। इस डिश को आप शाम की चाय के अलावा बच्चों के टिफिन में भी कर सकती हैं पैक।

सामग्री :

1 कप कसा हुआ मॉज़रेला या चेडर चीज़, द कप उबली हुई स्वीट कॉर्न, 1-2 कप उबले हुए आलू, ड्ड टीस्पून चाट मसाला, ड्ड टीस्पून श्ड काली मिर्च, नमक- स्वादानुसार कप कॉर्नफ्लोर, 3 टेबलस्पून मैदा, 1 कप ब्रेड म्ब्स, तलने के लिए तेल।

विधि :

एक बोल में स्वीट कॉर्न, चीज़, आलू और कॉर्नफ्लोर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें चाट मसाला, काली मिर्च और नमक डालकर दोबारा मिलाएं। इसकी छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं। इन बॉल्स को आधे घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। मैदे का गाढ़ा घोल तैयार कर लें। ब्रेड म्ब्स को प्लेट में फैलाएं। कड़ाही में तेल गर्म करें। अब बॉल्स को पहले मैदे के घोल में अच्छी तरह डुबोएं। फिर ब्रेड म्ब्स में लपेटें। इसे तुरंत कड़ाही में डाल दें। सुनहरा होने तक फ्राई कर लें। ऐसे ही बाकी बॉल्स तैयार करें।

शब्द सामर्थ्य-32

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 32 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
वी	■	प	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	ल	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

सू-दोकू-32

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 32 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3	8	2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7